आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 21.12.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज असम के नामरूप में दस हजार छः सौ एक करोड़ रूपये की लागत वाले उर्वरक संयंत्र की आधारशिला रखी।

2. केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा–विकसित भारत जी राम जी विधेयक मनरेगा का संवर्धित रूप है, जो विकास और गरीबों के हित में है ।

3. पूरे द्वीपसमूह में आज राष्ट्रीय पोलियो टीकाकरण दिवस मनाया गया–स्वास्थ्य सचिव ने बच्चों को ओरल पोलियो वैक्सीन की पहली बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।

4. सांसद बिष्णु पद रे ने नई दिल्ली में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव से मुलाकात कर द्वीपों में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज असम में डिब्रूगढ जिले के नामरूप में 10 हजार छह सौ एक करोड रुपये की लागत वाले उर्वरक संयंत्र की आधारशिला रखी। इस परियोजना का उद्देश्य इस क्षेत्र में उर्वरक उत्पादन को सशक्त बनाना और कृषि वृद्धि को समर्थन देना है। यह संयंत्र प्रतिवर्ष बारह लाख सत्तर हज़ार मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन करेगा। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि इस संयंत्र से उर्वरक आयात पर निर्भरता कम होगी और रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने गुवाहाटी के पशचिम बोरागांव में शहीद स्मारक क्षेत्र में, असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अपर्ति की। श्री मोदी गुवाहाटी में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत असम के 25 मेधावी विद्यार्थियों से बातचीत करेंगे। यह चर्चा ब्रहमपुत्र नदी पर एक क्रूज पर होगी। श्री मोदी ने कल गुवाहाटी में लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतर्राष्ट्रीय हवाइ अड्डे के नये टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि असम और समूचा पूर्वोत्तर क्षेत्र भारत के विकास के लिए एक नये प्रवेश द्वार के रूप में उभर रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि बदलाव की यह प्रक्रिया बुनियादी ढांचा और कनेक्टिविटी पर सरकार द्वारा निरंतर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाती है।

<><><><><><><>

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत–जी राम जी विधेयक मनरेगा का संवर्धित रूप है जो विकास और गरीबों के हित में है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस विधेयक में ग्रामीण परिवारों के वयस्क सदस्यों को सौ दिन के बजाए सवा सौ दिन के रोज़गार की गारंटी दी गई है। श्री चौहान ने बताया कि इस विधेयक में प्रावधान किया गया है कि कोई रोज़गार न मिलने की स्थिति में, बेरोज़गारी भत्ता दिया जाएगा और मजदूरी देर से मिलने पर अतिरिक्त राशि का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेती के मौसम के दौरान व्यवधान सामने आने पर किसानों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। श्री चौहान ने कहा कि विधेयक के लिए एक लाख इक्यावन हज़ार करोड़ रूपए से अधिक का प्रावधान किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि पंचायत सचिवों, नियोजन सहायकों और तकनीकी कर्मियों को समय पर और पर्याप्त वेतन के लिए प्रशासनिक व्यय को छः प्रतिशत से बढ़ाकर नौ प्रतिशत कर दिया गया है। श्री चौहान ने कहा कि इस विधेयक से गांवों का विकास होगा और वे आत्मनिर्भर तथा गरीबीमुक्त बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि विधेयक के तहत गांवों में जल संरक्षण, बुनियादी ढांचा विकास और प्राकृति आपदा से बचाव के कार्य किए जाएंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि यह विधेयक विकसित भारत की अवधारणा के अनुरूप है।

<><><><><><><>

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार नकली उर्वरकों और कीटनाशकों से निपटने के लिए संसद के अगले सत्र में सरकार एक विधेयक लाएगी। नई दिल्ली में कल चौधरी चरण सिंह पुरस्कार समारोह में उन्होंने भ्रामक टैग के साथ नकली उर्वरकों और कीटनाशकों की बिक्री पर चिंता प्रकट की। श्री चौहान ने कहा कि बेईमान कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कृषि मंत्री ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी विधेयक न केवल किसानों और श्रमिकों के लिए लाभकारी है, बल्कि गांवों के विकास से भी हर तरह से जुड़ा हुआ है।

<><><><><><><>

पूरे द्वीपसमूह में आज राष्ट्रीय पोलियो टीकाकरण दिवस मनाया गया। मुख्य समारोह शहरी स्वास्थ्य केन्द्र, जंगलीघाट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वास्थ्य सचिव ऋचा ने बच्चों को ओरल पोलियो वैक्सीन की पहली बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. एच एम सिद्धाराजू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ स्वास्थ्य उप–निदेशक व राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. अविजित रॉय और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

इस अवसर पर स्वास्थ्य सचिव ने आम जनता से इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। उन्होंने आग्रह किया कि शून्य से पांच वर्ष की आयु के सभी बच्चों को उनके नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की खुराक सुनिश्चित करें। इस चरण के दौरान लगभग बीस हजार छः सौ छियासठ बच्चों को वैक्सीन पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए पूरे द्वीपसमूह में कुल चार सौ नवासी पोलियो बूथ बनाए गए। यह अभियान तीन दिनों तक चलेगा। दूसरे और तीसरे चरण के दौरान कल और तेईस दिसम्बर को स्वास्थ्य कार्यकर्ता, हितधारक और स्वयंसेवक घर–घर जाकर छूटे हुए बच्चों की पहचान कर उनका टीकाकरण सुनिश्चित करेंगे।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने दक्षिण अंडमान जिला परिषद के अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी के साथ हाल ही में नई दिल्ली में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव डॉ. विनोद कोटवाल से मुलाकात की। बैठक के दौरान सांसद ने द्वीपों की स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी प्रमुख समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और उनके समाधान के लिए रिपोर्ट सौंपा। उन्होंने द्वीपो में विशेषज्ञ चिकित्सा देखभाल को मजबूत करने के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य कैडर से विशेषज्ञ डॉक्टरों की स्थाई नियुक्ति की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। जब तक स्थायी नियुक्तियां नहीं हो जाती, तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में रोटेशन के आधार पर विशेषज्ञ डॉक्टरों को भेजने का सुझाव दिया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रस्तावित चवालीस स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के पदों के सृजन और अनुमोदन की मांग की गई, जो वर्तमान में मंत्रालय में लंबित हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए इन मामलों की प्राथमिकता के आधार पर जांच करने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के अंतर्गत विभिन्न पदों के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों का सत्यापन छब्बीस दिसम्बर को स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सभागार में किया जाएगा। सत्यापन का कार्यक्रम प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने पर चयन पर विचार नहीं किया जाएगा।

<><><><><><><>